epaper
हिन्दुस्तान

पांच जिलों में ओडीओपी के सीएफसी तैयार

29/04/2022

लखनऊ, प्रमुख संवाददाता। राज्य के पांच जिलों में ओडीओपी से जुड़े कारोबारियों का काम अब आसान हो जाएगा। आजमगढ़, सीतापुर, सिद्धार्थनगर, अंबेडकर नगर और आगरा में ओडीओपी के सामान्य सुविधा केंद्र बना दिए गए हैं। इन सामान्य सुविधा केंद्रों पर एक ही छत के नीचे ओडीओपी कारोबार से जुड़ी सभी सुविधाएं मिलेंगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जल्द ही इन सीएफसी का उद्घाटन करेंगे।

18.93 करोड़ की लागत से बने हैं ये सीएफसी: यह जानकारी अपर मुख्य सचिव एमएसएमई डा. नवनीत सहगल ने दी है। उन्होंने बताया है कि आजमगढ, सीतापुर, सिद्धार्थनगर, अम्बेडकर नगर तथा आगरा में स्थापित इन सीएफसी की स्थापना पर 18.93 करोड़ रुपये की लागत आई है। प्रदेश के अन्य 18 जनपदों में सीएफसी स्थापना का कार्य प्रगति पर है।

सिद्धार्थनगर में ओडीओपी उत्पाद कालानमक चावल के लिए 6.96 करोड़ रुपये की लागत से सीएफसी स्थापित कराई गई है।अम्बेडकरनगर में ओडीओपी प्रोडेक्ट टेक्सटाइल्स के लिए स्थापित सीएफसी की लागत 4.60 करोड़ रुपये आई है। सीतापुर में ओडीओपी उत्पाद कालीन के लिए 2.25 करोड़ की लागत से तैयार सीएफसी पर कालीन के लिए डिजाइन एवं सैम्पलिंग की सुविधा है। आगरा में ओडीओपी प्रोडक्ट लेदर के लिए 2.30 करोड़ रुपये की लागत से तैयार सीएफसी में लेदर गुड्स ट्रेनिंग सेंटर की सुविधा भी दी गई है।